आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14 मार्च 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है होली। अयोध्या, काशी, मथुरा और गोरखपुर में रंगपर्व को लेकर उत्साह चरम पर।
- होली और जुमे की नमाज़ को देखते हुए प्रदेश में हाई अलर्ट। संवेदनशील ज़िलों में खास सतर्कता बरतने के निर्देश।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर में भक्त प्रह्लाद की शोभायात्रा में हुए शामिल। कहा– एकता का संदेश देता है रंगपर्व।
- उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती का परिणाम घोषित : मुख्यमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को दी बधाई : कहा– 12 हजार से अधिक बेटियां बनेंगी यूपी पुलिस का हिस्सा।

**********

रंगो का त्योहार होली आज प्रदेश भर में परम्परागत रूप से हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। बच्चो और युवाओं की टोली रंग, गुलाल और अबीर लेकर अपने–अपने घरो से निकल रही हैं तथा एक–दूसरे को रंगो से सराबोर करते हुए उत्साहपूर्वक होली मना रही है। कई स्थानों पर होली के पारम्परिक गीत गाते हुए लोगों की टोलियां निकल पड़ी हैं और एक दूसरे को पर्व की बधाई दे रही हैं। ढ़ोल, नगाड़ो और विभिन्न रंगो को उड़ाते हुए होली का पर्व उमंग के साथ मनाया जा रहा है। ब्रज में होली का विशेष उत्साह है। ब्रज के मंदिरों में होली खेली जा रही है। होली पर ब्रज के लगभग सभी मंदिरो में विशेष आयोजन किए गये हैं जिनमें भारी संख्या में लोग हिस्सा ले रहे हैं। अयोध्या में होली का उत्साह चरम पर है। अयोध्या के प्रमुख मंदिरो में रंगभरी एकादशी के दिन से ही होली शुरू हो जाती है। होली के अवसर पर आज वहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गये हैं। अयोध्या की होली पर हमारे अयोध्या प्रतिनिधि की रिपोर्टः–

**वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कल रात्रि ज्यों ही होलिका में अग्नि प्रज्जवलित हुई युवकों की टोलियाँ थिरकने अयोध्या में होली खेलने की परंपरा प्राचीन है। जिसमें संत, भक्त और भगवान के मध्य होली खेली जाती है। इसी परंपरा के निर्वहन में कल नवनिर्मित राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में फूलों की होली खेली गई और आज सुबह श्रंगार के साथ रामलला को गुलाल लगाया गया, जिसे देख भक्त निहाल हो उठे। अब ज्यों–ज्यों आसमान में सूरज की तपिस बढेगी, अयोध्या की सड़कों और मंदिरों में उडेंगे अबीर–गुलाल और रंग.......तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।**

काशी में भी होली का विशेष उत्साह देखा जा रहा है। रंग पर्व को विशिष्ट तरीके से मनाने के लिए प्रसिद्ध काशी में सुबह से ही रंगों की बारिश शुरू हो गयी है। हमारे वाराणसी प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

**काशी में आज मस्ती और रंगों के त्यौहार होली को अपनीख्याति के अनुसार पूरी मस्ती में मना रही है, क्या गलियां क्या घाट कोई जगह ऐसी नहीं है जहां रंगों की बारिश नहीं हो रही है। हर घाट पर नौजवानों के साथ फगुआ के गीत गाते लोगो की टोलिया माहौल को उल्लासमय बना रही है। बाबा विश्वनाथ के प्रांगण मंदिर चौक पर भी श्रद्धालु इकट्ठे होकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दे रहे है लोग अपना त्यौहार अच्छे से संपन्न करे इसके लिए पुलिस भी पूरी तरह से मस्तैद है।आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।**

बाबा गोरखनाथ की नगरी गोरखपुर में भी होली पर्व का उत्साह सुबह से ही देखने को मिल रहा है।

**सुबह–सुबह लोग हाथों में रंग गुलाल लिए सड़कों पर निकल गए हैं एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दे रहे हैं। कुछ ही देर बाद शहर के घंटाघर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आरएसएस की ओर से आयोजित भगवान नृसिंह शोभायात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे। भगवान नरसिंह की आरती उतार कर लोगों के साथ गुलाल की होली खेलेंगे।**

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होलिकोत्सव पर प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने होलिका दहन वाले स्थलों और होलिकोत्सव, शोभा यात्रा की सुरक्षा के प्रति विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बेहतर ट्रैफिक मैनजमेंट और क्राउड मैनेजमेंट के भी निर्देश दिए हैं।

**********

होली और जुमे की नमाज़ को देखते हुए आज प्रदेश में हाई अलर्ट रहेगा। डीजीपी प्रशांत कुमार और एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने प्रदेश के संवेदनशील ज़िलों में खास सतर्कता बरतने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि मुख्य स्थानों पर निकलने वाले जुलूसों के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेंगे। इसके अलावा भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी।

लखनऊ ईदगाह के इमाम खालिद रशीद फरंगी महली ने उम्मीद जताई है कि होली और रमजान का दूसरा जुमा अमन के साथ सम्पन्न होगा। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

***इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने एडवाजरी जारी करके मस्जिदों के टाइमिंग को एक्सटेंट करावाया है और उसी के साथ–साथ हमारे हिन्दू भाइयों ने कई जगहों पर होली के बारात के टाइमिंग में बदलाव किये है। हमें उम्मीद है कि ये दिन दोनों कम्यूनिटी के अपने–अपने मजहबी अकीदे के मुताबिक ही मनायेंगे और किसी किस्म का कोई भी कन्फ्यूजन नहीं होगा और कोई भी अफवाहों पर ध्यान न दे और एक अच्छे माहौल में हम दिन को मनाया जाये, जिससे की अपने मुल्क की जो कम्यूनल हारमैनी है उसका एक अच्छा पैगाम इंटरनेशनल लेवर पर जाये।***

**********

इससे पहले कल प्रदेश के सभी जिलों में देर शाम होलिका दहन के कार्यक्रम आयोजित हुए। गोरखपुर के पाण्डेय हाता में इस अवसर पर भक्त प्रहलाद की शोभा यात्रा निकाली गयी, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होलिका दहन अहंकार और दुष्ट प्रवृत्तियां जलाने का अवसर है।

**होली हमें सन्देश देता है एक–दूसरे से गले मिलेंगे, लेकिन कोई भेद–भाव नहीं करेंगे। सबको गले लगायेंगे, अपने मतभेंदों को समाप्त करेंगे। इस अवसर पर लोक कल्याण के पथ पर अपने आपको आगे बढाने और हमारे में सबसे बडा धर्म होना चाहिए वह है अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रकृति–पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चलाए गए कार्यक्रमों का उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम स्तर पर लाना है। श्री योगी ने कहा कि सरकार प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों को सोलर सिटी बनाएगी।

***देश की पहली सोलर सिटी के रूप में हमने अयोध्या को विकसित किया है, जहां पर जितनी भी रिनीवल ऊर्जा बन रही है हमारी उसी से हमारी स्ट्रीट लाइट जलती है। स्ट्रीट लाइट के लिये हम हाइड्रो या थर्मल पावर का उपयोग नहीं करते। ऐसे ही 17 के 17 म्यूनिसपल कारपोरेशन को हम लोगों ने इसके साथ जोड़ने का कार्य किया है। उत्तर प्रदेश के 17 म्यूनिसपल कारपोरेशन सोलरसिटी के रूप में डेवलप है। हमने इसके लिये पालिसी बनाई है अच्छा इंसेटिव हम दे रहे हैं और 6 हजार मेगावट तक बना चुके है। अभी एक ग्रीन कारिडोर बुंदेलखंड में हम लोग तैयार कर रहे है। जहां 5 हजार मेगावट रिनीवल एनर्जी के माध्यम से पैदा करने की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं।***

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड ने कल आरक्षी नागरिक पुलिस के 60 हजार 244 पदों पर भर्ती का रिजल्ट जारी कर दिया। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर अपना परीक्षाफल देख सकते हैं। बीते साल अगस्त में हुई इस परीक्षा में लगभग 48 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से 12 हजार 48 बेटियां यूपी पुलिस का हिस्सा बनने जा रही हैं।

**********

मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों में राज्य के पश्चिमी जिलों में गरज चमक के साथ बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि आने वाले दो से तीन दिनों में तापमान में गिरावट आएगी।

***जैसा कि पश्चिमी स्ट्रोक सक्रिय है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से ये आने वाले चार दिनों तक बना रहेगा। जिस वजह से प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बदलों की आवाजाही रहेगी। इस वजह से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की बूंदाबादी गरज चमक के साथ तापमान में 2 से 3 डिग्री आने वाले दिनों में थोड़ी कमी देखने को मिलेगी।***

**********

लखनऊ की रोशन–उद–दौला, छतर मंजिल और मिर्जापुर के चुनार फोर्ट को अब हेरिटेज होटल के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रदेश के पर्यटन विभाग ने इस संबंध में गोल्डन ट्रायंगल फोर्ट एंड पैलेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक अनुबंध किया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि तीनों प्रॉपर्टी पीपीपी मोड पर विकसित की जाएंगी।

**********